Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 15

**SS-30-Accountancy**

Tear Here

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2018

# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2018

## लेखाशास्त्र

## ACCOUNTANCY

**समय** : 3¼ **घण्टे**

**पूर्णांक** : 80

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) **परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।**
Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
All the questions are compulsory.

3) **प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।**
Write the answer to each question in the given answer-book only.

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**
For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रुपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**
If there is any error/difference/contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

यहाँ से काटिए

6) i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभक्त है – अ और ब।
ii) खण्ड 'अ' सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है।
iii) खण्ड 'ब' के दो भाग हैं, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को किसी एक भाग के सभी सात प्रश्नों को हल करना है।
i) This question paper contains two Sections - A and B.
ii) Section 'A' is compulsory for all candidates.
iii) Section 'B' has two portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt only a set of seven questions of any one portion.

7)

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|---|
| अ | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| ब | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | अथवा | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |

| **Section** | **Q. Nos.** | **Marks per question** |
|---|---|---|
| A | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| B | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | OR | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |

8) प्रश्न संख्या **22** (खण्ड–अ) तथा **30** (खण्ड–ब) में आन्तरिक विकल्प हैं।
There are internal choices in Q. No. **22** (Section-A) and Q. No. **30** (Section-B).

## खण्ड – अ
## SECTION - A

1) एक फर्म में साझेदारों की अधिकतम सदस्यों की सीमा क्या है? [1]
What is maximum limit on number of partners in a firm?

2) साझेदार की निवृति के समय पुस्तकों में प्लान्ट 50,000 ₹ पर दिखाया गया हैं इसका मूल्य 5,000 ₹ से बढ़ाना है। इस सम्बन्ध में लेखा प्रविष्टि कीजिये। [1]
At the time of retirement of a partner plant is shown in the books at ₹ 50,000. It is increased by ₹ 5,000. Prepare Journal entry for it.

3) साझेदार की निवृति पर संयुक्त बीमा पॉलिसी खाता चिट्ठे में किस मूल्य पर दिखाया जाता हैं। जब साझेदार इसे चिट्ठे में दिखाने का निश्चय करते हैं। [1]
At the time of retirement of a partner, at which value Joint life policy account is shown in Balance Sheet. When partners decide to show it in the books.

4) किसी लेखा वर्ष के मध्य साझेदार की मृत्यु की तिथि तक उसके लाभों में हिस्से की गणना करने की विधियों के नाम लिखो। [1]
Write down the name of methods from which share of profit of a deceased partner is calculated during the accounting year upto the date of the death of a partner.

5) समापन पर पुस्तकों में नहीं दिखाये गये दायित्व का भुगतान पुस्तकों में नही दिखाई गई सम्पति से करने पर बनाई जाने वाली प्रविष्टि लिखिये। [1]
At the time of dissolution, a liability which is not shown in the books is settled by asset, which is not shown in the books, write entry which is made for it?

6) सारिणी एफ लागू होने पर अग्रिम प्राप्त मांग पर दिये जाने वाले ब्याज की दर लिखिये। [1]
Write down the rate of interest, which is given on calls-in-advance, when Table - F applies.

7) 100 ₹ वाले एक 12% ऋणपत्र का निर्गमन 110 ₹ पर किया गया जिसका शोधन 120 ₹ पर किया जाना हैं। ऋणपत्र निर्गमन की एक प्रविष्टि बनाइये। (विवरण की आवश्यकता नहीं) [1]
One 12% Debenture of ₹ 100 is issued at ₹ 110, which is redeemable at ₹ 120. Make a Journal entry for issue of debenture. (Narration is not required).

8) यदि प्रत्येक सह साहसी अपने ही लेखे लिखता है तो एक सह–साहसी द्वारा उधार माल बेचने पर प्राप्त बिल को बैंक से भुनाने पर दिये जाने वाले बट्टे को वह अपनी पुस्तकों में किस खाते में दिखायेगा? [1]
A co-venturer sold the goods on credit and received a bill, which is discounted by bank, in which account he will show the discount on bill charged by the bank in his books. When each venturer incorporates his own transactions.

9) ए व बी 3:2 में लाभ बाँटते हुए साझेदार है। सी को लाभों में ¼ भाग के लिए प्रवेश देते समय कर्मचारी क्षति पूर्ति संचय का शेष 10,000 ₹ दायित्व पक्ष में दिखाया हुआ हैं। प्रवेश के समय की जाने वाली लेखांकन प्रविष्टि कीजिये, यदि इस सम्बन्ध में अन्य कोई सूचना नहीं दी हो। (विवरण की आवश्यकता नहीं) [2]
A and B are partners sharing profit in the ratio of 3:2. At the time of admission of C for ¼ share, worksmen compensation reserve account is shown for ₹ 10,000 in liability side. Give the accounting entry for it, at the time of admission, if no other information is given. (Narration is not required)

10) संयुक्त साहस एवं साझेदारी में कोई चार अन्तर लिखिये। [2]
Write down any four differences between joint venture and partnership.

11) बीजक मूल्य पर माल का प्रेषण करने पर, बीजक मूल्य में शामिल लाभ के प्रभाव को समाप्त करने के लिए प्रेषक की पुस्तक में बनाई जाने वाली चार समयोजन प्रविष्टिया दीजिये। (विवरण की आवश्यकता नहीं) [2]
When goods are consigned at invoice price, give four journal entries which is shown in the books of consigner to abolish the effect of profit element in invoice price. (Narration is not required)

12) ए ने 60,000 ₹ के बीजक मूल्य का माल प्रेषण किया। प्रेषणी ने इसमें से आधा माल 30,000 ₹ में तथा शेष माल 40,000 ₹ में बेच दिया। वह 5% सामान्य कमीशन व 20% अधिभावी कमीशन प्राप्त करने का अधिकारी हैं। सामान्य व अधिभावी कमीशन की राशी की गणना करो। [2]
A consigned goods of ₹ 60,000 at invoice price. Consignee sold half of goods at ₹ 30,000 and remaining goods for ₹ 40,000. He is entitled 5% general commission and 20% over-riding commission. Calculate the amount of general and over-riding commission.

13) प्राप्ति व भुगतान खाता बनाते समय निम्नांकित मदों को इस खाते में कहाँ पर दिखाया जायेगाः [2]

1) चालू वर्ष का बकाया वेतन
2) स्थायी सम्पति की बिक्री पर राशि
3) पुस्तक खरीद नगद
4) चालू वर्ष में विनियोग पर अर्जित ब्याज जो बकाया हैं।

While preparing Receipts and Payments Account, where the following items are shown in this account:

1) Current year's outstanding salaries
2) Amount received on sale of fixed assets
3) Books purchased in cash
4) Interest earned on investment during year, which is still due.

14) आय-व्यय खाता व चिट्ठा बनाते समय निम्नांकित मदों को कहाँ पर दिखाया जायेगाः [2]

1) वसीयत से प्राप्ति
2) प्रवेश शुल्क

While preparing Income and Expenditure Account and Balance Sheet, where the following items will be shown:

1) Legacies
2) Entrance fees

15) रश्मि व पिन्टु क्रमशः 50,000 ₹ व 30,000 ₹ की पूँजी के साथ साझेदार हैं। निम्न पर विचार करने से पूर्व फर्म का लाभ 49,200 ₹ 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए था। [4]

i) पूँजी पर 5% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाना हैं।
ii) रश्मि को विक्रय पर 2% कमीशन दिया जाना है, विक्रय 2,00,000 ₹ हैं।
iii) पिन्टु को वितरण योग्य लाभ का 10% कमिशन (इस कमिशन व संचय से पूर्व) दिया जाना हैं।
iv) यह निर्णय किया गया कि विभाजन योग्य लाभ का 10% संचय में अन्तरित किया जावे।
v) रश्मि ने फर्म को 20,000 ₹ ऋण दिनांक 1.4.2016 को दिया है। लाभ-हानि खाता (यदि आवश्यक हो) तथा लाभ-हानि नियोजन खाता 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए बनाइये।

Rashmi and Pintu are partners with capital of ₹ 50,000 and ₹ 30,000. The profit for the year ended 31st March 2017 amounted to ₹ 49,200 before considering the following :

i) Interest on capital is to be allowed @ 5% p.a.
ii) Rashmi is allowed 2% commission on sales, sales was ₹ 2,00,000.
iii) Pintu is allowed commission @ 10% on divisible profits (before charging his commission and reserve).

iv) It is decided to transfer 10% of divisible profit to Reserve Account.

v) Rashmi had advanced a loan of ₹ 20,000 to firm on 1.4.2016. Prepare Profit and Loss Account (if necessary) and Profit and Loss Appropriation Account for the year ending 31st March, 2017.

16) **पी, क्यू व आर एक फर्म में 2:2:1 में लाभ बांटते हुए साझेदार है फर्म ने सभी साझेदारों के जीवन पर एक संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी 1,00,000 ₹ की, दिनांक 1.4.2013 को ली। पॉलिसी का समर्पण मूल्य इस प्रकार हैं: 31.3.2014 को शून्य, 31.3.2015 को 3,000 ₹,31.3.2016 को 8,000 ₹ एवं 31.3.2017 को 10,000 ₹ । फर्म 7,000 ₹ वार्षिक प्रीमियम प्रतिवर्ष 1 अप्रेल को चुकाती हैं। यदि प्रीमियम को विनियोग माना जाता हैं तथा क्यु की मृत्यु 1.7.2017 को हो गई। सभी वर्षों के लिए संयुक्त बीमा पॉलिसी खाता बनाइये।** **[4]**

P, Q and R are the partners in a firm sharing profit in the ratio of 2:2:1. The firm had taken a Joint life policy for ₹ 1,00,000 on the lives of all the partners on 1.4.2013. The Surrender value of policy is as under: on 31.3.2014 Nil ; 31.3.2015 ₹ 3,000; 31.3.2016 ₹ 8,000 and on 31.3.2017 ₹ 10,000. The firm pays ₹ 7,000 annual premium every year on 1st April. If premium is treated as investment and Q died on 1.7.2017. Prepare Joint Life Policy Account for all the years.

17) **आर, एस व टी एक फर्म में साझेदार हैं। 31 मार्च 2017 को फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार है:** **[4]**

**चिट्ठा 31 मार्च 2017 को**

| दायित्व | राशि(₹) | सम्पतियाँ | राशि(₹) |
|---|---|---|---|
| पूँजी: आर | 20,000 | विविध सम्पतियां | 1,00,000 |
| एस | 20,000 | पूँजी: टी | 3,000 |
| लेनदार | 63,000 | | |
| | 1,03,000 | | 1,03,000 |

**31 मार्च 2017 को टी के दिवालिया होने पर फर्म का समापन कर दिया गया। टी से कुछ भी वसूल न हो सका। फर्म की सम्पतियों से 40,000 ₹ वसूल हुए। गार्नर बनाम मरे नियम लागू होने पर समापन पर आवश्यक खाते बनाइये। वसूली की हानि साझेदार नगद नहीं लाते हैं।**

R, S and T are Partners in a firm. Balance Sheet as on 31st March 2017 of the firm is as follows:

Balance Sheet on 31st March, 2017

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Capital : R | 20,000 | Sundry Assets | 1,00,000 |
| S | 20,000 | Capital: T | 3,000 |
| Creditors | 63,000 | | |
| | 1,03,000 | | 1,03,000 |

The firm is dissolved on 31st March, 2017, due to T became insolvent. None is realised from T. ₹ 40,000 is realised from the assets of the firm. Prepare necessary accounts on dissolution, when Garner vs. Murry rule applies. Loss on realisation is not brought in cash by the partners.

**18)** **एक कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे में निम्नलिखित मदों को आप किन शीर्षक व उप शीर्षकों के अन्तर्गत दिखायेगें।** **[4]**

1) **अयाचित लाभांश**
2) **प्रतिभूति प्रीमियम**
3) **प्रस्तावित लाभांश**
4) **स्वीकृतियाँ**
5) **ऋणपत्र**
6) **अग्रिम मांग**
7) **कर के लिए आयोजन**
8) **पूर्वदत्त बीमा**

Under which head and sub-head will you show the following items in the Balance Sheet of a company?

1) Unclaimed dividend
2) Securities Premium
3) Proposed dividend
4) Acceptances
5) Debentures
6) Calls-in-Advance
7) Provision for tax
8) Prepaid Insurance

**19)** **'के' व 'वी' माल के क्रय विक्रय के लिए संयुक्त साहस में प्रवेश करते है तथा लाभ बराबर–बराबर बांटते हैं। 'के' ने 40,000 ₹ का माल खरीदा। 'वी' ने भी 60,000 ₹ का माल खरीदा। 'के' ने कुछ माल 45,000 ₹ में 'वी' ने कुछ माल 70,000 ₹ में बेचा। शेष माल 'के' ने 8,000 ₹ में ले लिया। प्रत्येक साहसी केवल स्वयं के लेखे रखता हैं। दोनों सहासियों कि पुस्तकों में आवश्यक खाते बनाइये तथा संयुक्त साहस व्यवहारों के लाभ–हानि की गणना हेतु भी आवश्यक खाता बनाइये।** **[4]**

'K' and 'V' entered into joint venture to purchase and sales of goods, sharing profit in equal ratio. 'K' purchase goods for ₹ 40,000. 'V' also purchased goods for ₹ 60,000. 'K' sold part of goods for ₹ 45,000 and 'V' sold part of goods for ₹ 70,000. Remaining goods is taken by 'K' for ₹ 8,000. Each venturer records his own transactions only. Prepare necessary accounts in the books of both venturers and also prepare necessary account to calculate the profit and loss of Joint venture transactions.

**20)** **करण ने 100 साईकिलें स्वीटी को 2,000 ₹ प्रति साईकिल के मूल्य पर प्रेषण पर भेजी। मार्ग में 10 साईकिलें दुर्घटना ग्रस्त हो गई तथा क्रय मूल्य का ¼ इनसे वसूल हुआ। प्रेषकी ने 70 साईकिलें 2,500 ₹ प्रति साईकिल की दर से बेच दी तथा माल प्राप्त होने पर 1,800 ₹ चूंगी के व 2,000 ₹ विक्रय व्यय चुकाये। बीमा कम्पनी से हानि के 10,000 ₹ वसूल हुए। असामान्य हानि व बिना बिके स्टॉक का मूल्यांकन कीजिये। प्रेषक ने 5,000 ₹ प्रेषण व्यय के चुकाये।** **[4]**

Karan sent 100 cycles to Sweeti @ ₹ 2,000 per cycle on consignment. On the way 10 cycles are destroyed and ¼ of the purchase price is received from them. Consignee sold 70 cycles @ ₹ 2,500 per cycle and paid octroi ₹ 1,800 and selling expenses ₹ 2,000 after receiving the goods. ₹ 10,000 is realised from insurance company for loss. Calculate value of abnormal loss and unsold stock. Consigner paid ₹ 5,000 for consignment expenses.

**21)** **निम्नांकित सूचनाओं से 31 मार्च 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के आय-व्यय खाते व उस दिन को बनाये जाने वाले चिट्ठे में खेल सम्बन्धी सूचनाओं को दर्शाइये।** **[4]**

| | ₹ |
|---|---|
| **प्रारम्भिक खेल कोष** | 3,00,000 |
| 12% **खेल कोष विनियोग (प्रारम्भिक)** | 1,50,000 |
| **वर्ष के दौरान खेल पर किये गये व्यय** | 1,00,000 |
| **वर्ष के दौरान खेल कार्यों के लिए प्राप्त दान** | 40,000 |
| **वर्ष के अन्तिम दिन 1,00,000 ₹ मूल्य की टेबिल टेनिस की टेबल दान में प्राप्त की** | – |
| **कोष विनियोग पर प्राप्त ब्याज** | 15,000 |
| **टेबिल टेनिस टेबल पर मूल्य ह्रास दर 10% वार्षिक हैं।** | – |

From the following information, calculate the amount which will be shown in Income and Expenditure Account for the year ending 31st March 2017 and in Balance Sheet on that date for sports events.

| | ₹ |
|---|---|
| Opening Games fund | 3,00,000 |
| 12% Games fund Investment (opening) | 1,50,000 |
| Expenses on games during the year | 1,00,000 |
| Donation received for games during the year | 40,000 |
| On the last date of the year a table for Table - Tennis received as donation worth ₹ 1,00,000 | - |
| Interest received from fund Investment | 15,000 |
| Depreciation is allowed @ 10% per annum on the value of table of Table Tennis | - |

**22)** ए व बी 2:1 के अनुपात में लाभ बांटते हैं। 31 मार्च 2017 का चिट्ठा निम्न प्रकार हैं :- **[6]**

चिट्ठा 31 मार्च 2017 को

| दायित्व | | राशि(₹) | सम्पतियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 21,000 | बैंक | 10,000 |
| सामान्य संचय | | 9,000 | देनदार | 30,000 |
| पूँजीःअ | 40,000 | | स्टॉक | 20,000 |
| ब | 30,000 | 70,000 | भवन | 30,000 |
| | | | एकस्व | 10,000 |
| | | 1,00,000 | | 1,00,000 |

1 अप्रेल 2017 को सी को साझेदारी में सम्मिलित किया गया। नया लाभ विभाजन अनुपात 3 : 2 : 1 होगा। निम्नांकित समायोजनों के बाद सी फर्म में अपने हिस्से के अनुसार पूँजी नगद लाता हैं।

1) सी ख्याति के लिए 10,000 ₹ नगद लाता है।
2) भवन का मूल्य 35,000 ₹ आंका गया।
3) पुराना टाईपराईटर जिसका मूल्य 2,000 ₹ हैं पुस्तकों में नहीं लिखा है इसे अब पुस्तकों में लिखना हैं।
4) एकस्व का मूल्य शून्य हैं।

पुर्नमूल्यांकन खाता, पुँजी खाते व नई फर्म का चिट्ठा बनाइये।

अथवा

एक्स, वाई तथा जेड 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बांटते है। 31 मार्च 2017 का चिट्ठा निम्नानुसार हैः- **[6]**

चिट्ठा 31 मार्च 2017 को

| दायित्व | | राशि(₹) | सम्पतियाँ | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 12,000 | बैंक में रोकड | 10,000 |
| पूँजीःएक्स | 38,000 | | देनदार | 20,000 |
| वाई | 30,000 | | स्टॉक | 30,000 |
| जेड | 20,000 | 88,000 | मशीनरी | 40,000 |
| | | 1,00,000 | | 1,00,000 |

इस तिथि को जेड अवकाश ग्रहण करता हैं। शेष साझेदारों का नया अनुपात 5 : 4 होगा। निम्नांकित शर्ते तय हुई :

1) मशीनरी का मूल्य 10% घटाया जावे।
2) स्टॉक 28,000 ₹ तक कम किया जावे।
3) एक्स तथा वाई ने निर्णय लिया कि उनकी पूँजी उनके नये लाभ विभाजन अनुपात में होगी इसके लिए साझेदार नगद लायेंगे अथवा ले जायेंगे।
4) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन 54,000 ₹ किया गया तथा बिना ख्याति खाता खोले ख्याति का समायोजन करना हैं।
5) जेड को अवकाश ग्रहण पर 8,000 ₹ नगद दिये गये शेष राशि उसके ऋण खाते में हस्तान्तरित की गई।

उपरोक्त सूचनाओं से पुर्न मूल्यांकन खाता, पूँजी खाते व नया चिट्ठा बनाइये।

A and B are sharing profit in the ratio of 2:1. The Balance Sheet as on 31st March, 2017 is as follows:

Balance Sheet as on 31st March, 2017

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 21,000 | Bank | 10,000 |
| General Reserve | 9,000 | Debtors | 30,000 |
| Capital: A 40,000 | | Stock | 20,000 |
| B 30,000 | 70,000 | Building | 30,000 |
| | | Patents | 10,000 |
| | 1,00,000 | | 1,00,000 |

They admitted C into partnership on 1st April, 2017. New profit sharing ratio will be 3 : 2 : 1. C brings in proportionate capital after the following adjustments:

1) C brings ₹ 10,000 in cash as his share of Goodwill.
2) Building is valued at ₹ 35,000.
3) There is an old typewriter valued ₹ 2,000. It does not appears in the books of the firm. It is now to be recorded.
4) Patents are valueless.

Prepare Revaluation Account, Partners Capital A/c and the Balance Sheet of new form.

OR

x, y and z sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. The Balance Sheet as on 31st March, 2017 is as follows:

Balance Sheet as on 31st March, 2017

| Liabilities | Amount ₹ | Assets | Amount ₹ |
|---|---|---|---|
| Creditors | 12,000 | Cash at Bank | 10,000 |
| Capital x 38,000 | | Debtors | 20,000 |
| y 30,000 | | Stock | 30,000 |
| z 20,000 | 88,000 | Machinery | 40,000 |
| | 1,00,000 | | 1,00,000 |

z retires on the above date and the new profit sharing ratio between remaining partners will be 5:4. Following terms were agreed:

1) Machinery be reduced by 10%.
2) Stock is reduced to ₹ 28,000.
3) x and y agreed that their capitals will be adjusted in their new profit sharing ratio, by bringing in or paying cash to the partners.

4) Goodwill of the firm be valued at ₹ 54,000 and adjustment in this respect be made without raising Goodwill A/c.

5) z is paid ₹ 8,000 on the date of retirement in cash and the remaining amount is transferred to his loan account.

From the above information, prepare Revaluation Account, Capital Accounts and new Balance Sheet.

**23)** **आर लि. ने 20,000 समता अंश 100₹ वाले 120₹ प्रति अंश पर जारी किये। भुगतान इस प्रकार देय है: आवेदन पर 10₹ प्रति अंश, बंटन पर 40₹ प्रति अंश(प्रिमियम सहित), शेष प्रथम व अन्तिम मांग पर।**

**आवेदन पर प्राप्त आधि वय राशि का प्रयोग बंटन व प्रथम व अन्तिम मांग पर देय राशियों के लिए किया जाता हैं। यदि कोई आबंटन नहीं किया हैं तो समस्त राशि लौटानी हैं।**

**33,000 अंशो के लिये आवेदन प्राप्त हुए। 12,000 अंशो के आवेदकों को 2,000 अंश आंबटित किये, 3,000 अंशो के आवेदकों को पूरी राशि लौटाई गई शेष आवेदकों को पूर्ण बंटन किया गया। समस्त देय राशियां यथा समय प्राप्त हो गई।**

**उपरोक्त व्यवहारों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में सभी प्रतिष्टियां कीजिये। (विवरण की आवश्यकता नहीं)** **[6]**

R Ltd. issued 20,000 equity shares of ₹ 100 each at ₹ 120 per share. Amount is payable : on application ₹ 10 per share, on allotment ₹ 40 per share (including premium) remaining with first and final call.

Overpayments on application were to be applied towards sums due on allotment and first and final call. Where no allotment was made, money was to be refunded in full.

Application for 33,000 shares were received. Applicants for 12,000 shares were alloted only 2,000 shares and applicants for 3,000 shares was refunded their amounts in full. Full allotment was made to remaining applicants. All the money due was received in full within time.

Make all the journal entries to record the above transactions in the books of company. (Narration is not required)

## खण्ड – ब
## SECTION - B

**खण्ड ब के दो भाग है, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न है परीक्षार्थियों को किसी एक भाग के सात प्रश्नो को हल करना है।**

Section B has two portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt any set of seven questions of any one portion.

**24)** **क्षैतिज व लम्बवत विश्लेषण में कोई दो अन्तर लिखो।** **[1]**

State any two differences between Horizontal analysis and Vertical analysis.

**25)** **यदि चालू दायित्व 1,50,000 ₹ है। तथा चालू अनुपात 3:1 हो तो चालू सम्पतियां ज्ञात करो।** **[1]**

If current liabilities ₹ 1,50,000 and current ratio is 3:1, then calculate current assets.

**26)** **परिचालन से आय की सूचना निम्नानुसार हैं वर्ष 2012-13 को आधार मानते हुए वर्ष 2016-17 तक हुए परिवर्तनों के मापन हेतु प्रवृति प्रतिशत ज्ञात करो :** **[2]**

**(लाखो ₹ में)**

| वर्ष | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|---|
| परिचालन से आय | 20 | 22 | 25 | 28 | 30 |

Following are the information with regard to revenue from operations. Taking base 2012-13, upto 2016-17 calculate trend percentage for measuring the changes.

(₹ in Lakhs)

| Year | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2015-16 | 2016-17 |
|---|---|---|---|---|---|
| Revenue from operations | 20 | 22 | 25 | 28 | 30 |

**27)** **एक्स लि. की पुस्तकों से 31 मार्च 2017 को निम्न शेष लिये गये व्यापारिक प्राप्य आवर्त अनुपात ज्ञात करो :**

**संचालन से कुल सकल आगम ₹ 2,00,000; संचालन से नगद आगम ₹ 30,000; संचालन से आगम वापसी ₹ 10,000; प्रा. देनदार ₹ 50,000; अन्तिम देनदार 30,000 ₹।** **[2]**

The following balances are extracted from the books of x Ltd. on 31$^{st}$ March, 2017. Calculate Trade receivables Turnover ratio. Total gross revenue from operations ₹ 2,00,000; cash revenue from operations ₹ 30,000; Revenue from operations return ₹ 10,000; opening debtors ₹ 50,000 ; closing debtors ₹ 30,000.

**28)** सी लि. के 31 मार्च 2016 व 2017 को समाप्त होने वाले वर्ष के आय विवरण (लाभ–हानि विवरण) नीचे दिये गये है। समानाकार आय विवरण बनाइये। **[4]**

| विवरण | नोट स. | 31 मार्च 2017 ₹ | 31 मार्च 2016 ₹ |
|---|---|---|---|
| I आय | | | |
| संचालन से आगम (शुद्ध बिक्री) | | 24,00,000 | 20,00,000 |
| II व्यय | | | |
| अ) व्यापारिक रहतिये का क्रय | | 16,00,000 | 12,00,000 |
| ब) रहतिये में परिवर्तन | | 2,00,000 | 2,00,000 |
| स) मूल्य ह्रास | | 2,00,000 | 2,40,000 |
| द) अन्य व्यय | | 1,00,000 | 1,60,000 |
| कुल व्यय | | 21,00,000 | 18,00,000 |
| III कर से पूर्व लाभ (I-II) | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| IV घटाइये : आयकर | | 90,000 | 60,000 |
| V कर पश्चात लाभ (III-IV) | | 2,10,000 | 1,40,000 |

Income statement (statement of profit and loss) for the year ending 31st March, 2016 and 2017 of C Ltd. are given below. Prepare common size. Income statement.

| Particulars | Note No. | 31st March 2017 ₹ | 31st March 2016 ₹ |
|---|---|---|---|
| I Income | | | |
| Revenue from operations (Net sales) | | 24,00,000 | 20,00,000 |
| II Expenses | | | |
| a) Purchases of stock-in-Trade | | 16,00,000 | 12,00,000 |
| b) Change in Inventories | | 2,00,000 | 2,00,000 |
| c) Depreciation | | 2,00,000 | 2,40,000 |
| d) Other expenses | | 1,00,000 | 1,60,000 |
| Total expenses | | 21,00,000 | 18,00,000 |
| III Profit before tax (I-II) | | 3,00,000 | 2,00,000 |
| IV Less : Income Tax | | 90,000 | 60,000 |
| V Profit after tax (III-IV) | | 2,10,000 | 1,40,000 |

**29)** लेखांकन में नैतिकता के कोई चार स्त्रोत लिखो। **[4]**

Write any four ethics in Accountancy.

30) निम्नांकित सूचनाओं से अग्रलिखित अनुपात ज्ञात करो: **[6]**

i) चालू अनुपात

ii) सकल लाभ अनुपात

iii) परिचालन अनुपात

iv) शुद्ध लाभ अनुपात

v) विनियोग पर प्रत्याय

सयंत्र व मशिन ₹ 10,00,000; गैर चालू व्यापारिक विनियोग ₹ 4,00,000; चालू सम्पतियाँ ₹ 8,00,000; चालू दायित्व ₹ 4,00,000; परिचालन से आगम ₹ 24,00,000 क्रय ₹ 15,00,000; प्रा. स्कन्ध ₹ 1,90,000; अन्तिम स्कन्ध ₹ 1,80,000; मजदूरी ₹ 90,000; कार्यालय वेतन ₹ 80,000; ऋण पत्रों पर ब्याज ₹ 20,000; आयकर ₹ 40,000.

अथवा

निम्नांकित सूचनाओं से चालू अनुपात, त्वरित अनुपात, ऋण-समता अनुपात, स्वामित्व अनुपात एवं शोधन क्षमता अनुपात ज्ञात करो : **[6]**

चालू दायित्व ₹ 1,00,000; पूँजी ₹ 5,00,000; सामान्य संचय ₹ 1,00,000; लाभ-हानि खाते का क्रेडिट शेष ₹ 1,00,000; 10% ऋण-पत्र ₹ 3,00,000; गैर चालू सम्पतियाँ ₹ 7,00,000; स्कन्ध ₹ 2,00,000; व्यापारिक प्राप्यताए ₹ 1,50,000; नगद व नगद तुल्य ₹ 50,000.

Calculate the following ratios with the help of the information given below:

i) Current ratio

ii) Gross Profit ratio

iii) Operating ratio

iv) Net profit ratio

v) Return on investment

Plant and machinery ₹ 10,00,000; Non current investment trade ₹ 4,00,000; Current assets ₹ 8,00,000; Current liabilities ₹ 4,00,000; Revenue from operations ₹ 24,00,000; Purchases ₹ 15,00,000; Opening stock ₹ 1,90,000; Closing stock ₹ 1,80,000; Wages ₹ 90,000; Office salaries ₹ 80,000; Interest on Debentures ₹ 20,000; Income tax ₹ 40,000.

OR

From the following information, calculate current ratio, quick ratio, Debt-equity ratio, proprietory ratio and solvency ratio.

Current liabilities ₹ 1,00,000; Capital ₹ 5,00,000; General reserve ₹ 1,00,000; Credit Balance of P&L Account ₹ 1,00,000; 10% Debentures ₹ 3,00,000; Non current Assets ₹ 7,00,000; Stock ₹ 2,00,000, Trade receivables ₹ 1,50,000; Cash and cash equivalents ₹ 50,000.

अथवा/OR

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**24)** कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली क्या है? **[1]**

What is computerised accounting system?

**25)** डाटा मॉडल क्या है? **[1]**

What is data model?

**26)** एक्सल स्प्रेड शीट से आप क्या समझते है? **[2]**

What do you mean by Excel spread sheet?

**27)** स्प्रेड शीट एवं वर्क बुक में अन्तर लिखिये। **[2]**

Write difference between spread sheet and work book.

**28)** केन्द्रीय प्रोसेसिंग इकाई से आप क्या समझते हैं? **[4]**

What do you mean by central processing unit?

**29)** डेटा बेस मेनेजमेंट सिस्टम के तत्त्वों को समझाओ। **[4]**

Explain components of Data Base Management System.

**30)** स्प्रेड शीट का लेखांकन में प्रयोग संक्षिप्त में समझाइये। **[6]**

अथवा

एम.एस. एक्सल शीट की विशेषताओं को समझाइये। **[6]**

Explain application of spread sheet in Accounting in brief.

OR

Explain the features of M.S. Excel spread sheet.

✈ ✈ ✈

DO NOT WRITE ANYTHING HERE